कार्यवाही — कैंट बोर्ड प्रशासन की कार्यवाही, नोटिस देने के बाद भी नहीं किया गया था कब्जा खाली

# सालों से जमीं अवैध डेयरी को ढहाया

**नवभारत,जबलपुर।** मोदीवाड़ा इलाके में संचालित कई सालों से अवैध डेयरी को कैंट बोर्ड के बुल्डोजर ने सोमवार को ढहा दिया। इसके अलावा यहां जमे अन्य अवैध कब्जों को भी हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कुछ लोगों को कैंट बोर्ड प्रशासन द्वारा चेतावनी भी दी गई है कि अगले तीन दिनों के अंदर अपना सामान मौके से हटा लें, नहीं तो उनके कब्जे भी ढहा दिए जाएंगे।

जानकारी के अनुसार मोदीबाड़ा एपीएन स्कूल के समीप काफी लंबे समय से इरफान नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शासकीय भूमि (सी लैंड) पर डेयरी का संचालन किया जा रहा था। डेरी संचालन के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती थी, वहीं क्षेत्रीय लोंगो का काफी परेशानी होती थी। जिसको लेकर लगातार कैंट बोर्ड प्रशासन को शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कैंट बोर्ड सीईओ राजीव कुमार द्वारा करीब 2 महीने पहले डेरी संचालक को अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन निर्धारित समय सीमा के बाद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया था। इसके बाद सोमवार को कैंट बोर्ड के बुल्डोजर ने अवैघ कब्जे को ढहा दिया। इस दौरान जूनियर इंजीनियर अनुराग, अन्यक्रांति दल प्रभारी नितेश पटेरिया सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद था।






### अवैध निर्माण कर तान लिए थे मकान

कैंट बोर्ड प्रशासन के अन्याक्रांति दस्ते ने नवभारत को बताया कि कब्जाधारी शासकीय जमीन पर धीरे धीरे पैर पसारते जा रहा था, डेरी के साथ करीब 5 परिवारों ने यहां पर अवैध पक्के मकान भी बना लिए थे। वहीं सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण कर बाथरूम का निर्माण कर लिया था। कैंट बोर्ड के बुल्डोजर ने बाथरूम के साथ करीब आधा दर्जप अवैध अतिक्रमणों को ढहा दिया।

# स्टेट बार काउंसिल का चुनावी घमासान आज

**प्रत्याशियों ने झौंकी ताकत देरररात तक सोशल मीडिया पर होता रहा प्रचार-प्रसार**

**प्रदेश में 98 पुरुष व 24 महिला प्रत्याशी मैदान में**




**जबलपुर।** मप्र स्टेट बार का चुनावी घमासान आज मंगलवार को मतदान के साथ ही समाप्त हो जायेगा। उक्त चुनाव के लिये पिछले कई महीनों से प्रचार-प्रसार में जुटे प्रत्याशियों ने अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। देर रात तक सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार जारी रहा। स्टेट बार 18 पुरुष सदस्य व पांच महिला सदस्यों को मिलाकर कुल 23 सदस्यों हेतु चुनाव होना है। जिसमें 98 पुरुष प्रत्याशी व 24 महिला प्रत्याशी चुनाव में भाग ले रहे हैं।जानकारी अनुसार प्रदेश में वकीलों की सबसे बड़ी संस्था मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव को लेकर प्रत्याशियों ने पिछले कई महीनों से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया था। जिसके बाद संपन्न हुई नामांकन प्रकिया के बाद 122 प्रत्याशी मैदान में है, जो कि 23 सदस्यों का चयन करेंगे। वहीं दो महिला सदस्यों को मनोनीत किया जाता है। चुनाव को लेकर पूरी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतदान प्रातः 10 बजे से शाम पांच बजे तक होगा। जिसमें हाईकोर्ट के साउथ ब्लॉक व जिला अदालत में मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। जिला-तहसील मुख्यालय में अधिवक्ता परिचय पत्र प्रस्तुत कर अपना मताधिकार का नियमानुसार उपयोग कर सकते हैं। प्रत्येक मतदाता को अपना परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य है और ऐसा न किए जाने पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व सचिव से मतदाता की पहचान कराना होगी। मतदान केन्द्र से 200 गज की परिधि में किसी चुनाव प्रत्याशी अथवा उनके समर्थकों को चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं है। मतदातागण मतदान केन्द्रों पर निर्धारित प्रवेशद्वार व निकास द्वार से ही प्रवेश व निकास कर सकेंगे।

### पूरे प्रदेश में ढाई सौ से अधिक मतदान केन्द्र

जानकारों की माने तो आज होने वाले मतदान के लिये पूरे प्रदेश में 250 से अधिक मतदान केन्द्र बनाये गये है। जिसमें प्रदेश भर के 87 हजार से अधिक अधिवक्ता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

# चेक पोस्ट खोलने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**पीएस, परिवहन आयुक्त सहित अन्य को नोटिस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अपने उस आदेश पर रोक लगा दी है। जिसमें प्रदेश की बॉर्डर पर बंद की गईं सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को खोलने के निर्देश दिए थे। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह, परिवहन आयुक्त उमेश जोगा सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 16 अप्रैल 2026 को सरकार को आदेश दिए थे कि प्रदेश की बॉर्डर पर बंद की गईं सभी अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट को खोले जाएं। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ए इंदौर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन व कुछ ट्रांसपोर्टर्स ने इस फैसले के खिलाफ रिव्यू याचिका दायर की थी। ट्रांसपोर्टर्स की ओर से अधिवक्ता आदित्य अहवासी एवं राहुल दिवाकर ने दलील दी कि केंद्र सरकार के निर्देश पर चेक पोस्ट बंद किए गए थे और सरकार ने इसकी जानकारी पूर्व की अवमानना याचिका में नहीं दी थी। यह भी कहा गया कि केंद्र सरकार ने निर्बाध परिवहन के लिए चैक पोस्ट बदं करने का निर्णय लिया था। गौरतलब है कि सतना निवासी रजनीश त्रिपाठी की ओर से पूर्व में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। उसमें आरोप था कि ओवरलोडिंग ट्रकों व अन्य वाहनों के चलते सबसे ज्यादा सडकें खराब होती हैं। इस मामले में सरकार ने हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी थी कि ओवरलोडिंग रोकने हर संभव प्रयास किया जाएगा। याचिका लंबित रहने के दौरान सरकार ने 1050 करोड़ रुपए का निवेश करके विभिन्न बॉर्डर क्षेत्रों में 19 चेक पोस्ट खोली थीं। बंद चेकपोस्ट खेलने की सरकार की अंडरटेकिंग पर हाईकोर्ट ने उक्त जनहित याचिका का निराकरण कर दिया था। अवमानना याचिका में आरोप लगाया गया कि अगले वर्ष यानी 2024 में ही सरकार ने उक्त सभी चेक पोस्ट को बंद कर दिया।

## जबलपुर-पुणे एक ट्रिप निरस्त

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे द्वारा मध्य रेल के पुणे मंडल में दौंड जंक्शन-मनमाड़ जंक्शन रेलखण्ड दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत कनेक्शन के लिए कमीशनिंग कार्यों हेतु प्री-नॉनइंटरलॉकिंग एवं नॉनइंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए अधिसूचित किया गया है। जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली जबलपुर-पुणे-जबलपुर स्पेशल ट्रेन को 01-01 ट्रिप निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 02132 जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 17 मई को निरस्त रहेगी। वही गाड़ी संख्या 02131 पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन पुणे से 18 मई को निरस्त रहेगी।

# ट्रेन की दहशत में गायों ने पुल से लगाई छलांग, दो की मौत, राहगीर भी घायल

**ग्वारीघाट रेलवे ओवरब्रिज पर दर्दनाक हादसा**



**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत आस्था नगर के पास बीती रात रेलवे ओवरब्रिज से गुजर रहे गायों के झुंड के सामने अचानक ट्रेन आने से मची भगदड़ में तीन गायों ने पुल से नीचे छलांग लगा दी। इस हादसे में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय की चपेट में आने से नीचे से गुजर रहा राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्वारीघाट थाना प्रभारी हरिकिशन आटनेरे के अनुसार बीती रात गायों का एक झुंड आस्था नगर के पास रेलवे ओवरब्रिज पार कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेन वहां से गुजरी। ट्रेन की गति और हॉर्न के शोर से गायें बुरी तरह डर गईं और उनमें भगदड़ मच गई। जान बचाने की कोशिश में तीन गायों ने सीधे पुल से नीचे छलांग लगा दी। जिस वक्त गायें ऊपर से नीचे गिरीं, उसी समय वहां से एक राहगीर मदन महल निवासी 19 वर्षीय सुमित राजपूत गुजर रहा था। एक गाय सीधे राहगीर के ऊपर जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही ग्वारीघाट पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को अपनी ही गाड़ी से मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में दो गायों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीसरी गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। पशु एम्बुलेंस को बुलवाया गया । जिसके बाद सूचना पर पहुंची पशु चिकित्सा विभाग की टीम मृत व घायल गायों को वेटरनरी अस्पताल ले गई।

# बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत, 4 घायल



**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत मेढी झामर रोड में सोमवार को मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अजय चौधरी 30 वर्ष निवासी मगरमुआ शहपुरा का सोमवार सुबह लगभग 11 बजे पत्नी किरण चौधरी, बेटी महक 2 वर्ष के साथ अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम एच 8457 से ग्राम मुड़िया में मौसा ससुर के यहां कथा में शामिल होने के लिये जा रहा था वह किनारे किनारे रोड में अपनी साईड से रोड मे चल रहा था तभी सामने तरफ से एक मोटर सायकल का चालक अपनी मोटर सायकल को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी साइड में आकर उसकी गाड़ी में टक्कर मार दिया उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड पर गिर पड़ी तभी उसके पीछे से आ रहा दूसरी मोटर सायकल में राकेश गौंड निवासी ग्राम सिमरिया को भी उस मोटर सायकल वाले ने टक्कर मार दिया जिससे वह भी रोड पर गिर पड़ा और टक्कर मारने वाला मोटर सायकल का चालक मौके पर गिर पड़ा एक्सीडेण्ट से उसे दाहिने हाथ की अंगुलियों कोहनी में साधारण चोट आयी है एवं वायें कंधे में एवं सीना में, पत्नी किरण को सिर, बच्ची को चेहरे एवं माथा पैर, राकेश गौड़ को सिर में चोट आ गयी । पाटन अस्पताल में डाक्टर ने चैक कर राकेश गौड़ 38 वर्ष निवासी सिमरिया को मृत घोषित कर दिया।

### अनियंत्रित होकर पलटी लोडिंग पिकअप बुजुर्ग की मौत, 5 घायल

कुण्डम थाना अंतर्गत महानदी पुल के पास जबलपुर-डिण्डोरी मार्ग पर बीती रात तेज रफ्तार लोडिंग पिकअप के अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमें सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार गोराबजार निवासी रामसजीवन ठाकुर (68) बीती रात करीब 10 :30 बजे लोडिंग पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 1253 में माल लोड कर मजदूरी के साथ डिण्डोरी जा रहे थे। रात लगभग 1 :30 बजे जब वाहन कुण्डम के महानदी पुल के पास पहुँचा, तो चालक ने मोड़ पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार होने के कारण पिकअप सड़क पर ही पलट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही रामसजीवन का पुत्र रोशन ठाकुर और ठेकेदार नटवर पटेल मौके पर पहुँचे। घायलों को तत्काल कुण्डम शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद रामसजीवन ठाकुर को मृत घोषित कर दिया। अन्य पांच घायलों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रयागराज शादी में गया था परिवार, बदमाश ने फूंक दी कार

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत व्हीकल स्टेट स्थित कांचीपुरम कॉलोनी में खड़ी एक व्यापारी की कार को देर रात अज्ञात बदमाश ने आग के हवाले कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित परिवार शहर से बाहर एक शादी समारोह में प्रयागराज गया हुआ था। पुलिस के मुताबिक आशीर्वाद बारात घर के पास रहने वाले अमित चौरसिया (36) चौरसिया प्लास्टिक के संचालक हैं वे 9 मई को अपने परिवार के साथ प्रयागराज एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी मारुति एक्स एल 06 क्रमांक एमपी 20 जेड आर 9930 को व्हीकल स्टेट स्थित कांचीपुरम कॉलोनी में अपने मित्र सुमित ठाकुर के घर के सामने पार्क कर दिया था। बीती रात करीब 1 :30 बजे अचानक कार से लपटें उठती देख मोहल्ले में हड़कंप मच गया। सुमित ठाकुर और पड़ोसियों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए पानी डालना शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अमित चौरसिया ने जबलपुर लौटकर देखा कि आगजनी से गाड़ी का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति को वारदात को अंजाम देकर सिद्धि विनायक कॉलोनी की ओर भागते हुए देखा है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# बिल्डर के घर में बमबाजी, कार में तोड़फोड़



**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत न्यू शोभापुर में बीती रात बदमाशों ने दहशतगर्दी फैलाते हुए एक बिल्डर के घर में बमबाजी कर दी इतना ही नहीं बदमाशों ने कार में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुट गईहै ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अक्षय सिंह 30 वर्ष निवासी शोभापुर भड़पुरा बिल्डर का काम करते है ।उनके छोटे भाई आदित्य सिंह जिला सूचना अधिकारी जबलपुर में पदस्थ है। शनिवार को उनके घर के बाहर खड़े होकर कुछ नशेड़ी गांजा पी रहे थे जिन्हें परिजनों ने नशा करने मना किया था। अक्षय की रात में भोजन के बाद परिवार सहित घर पर सो रहा था। रात लगभग 1-15 बजे बम फूटने की आवाज आने पर पूरा परिवार दहशत में आ गया सुबह लगभग 6-30 बजे बाहर निकलकर देखा तो आंगन में 4, 5 सुअरमार बम आंगन में दिखाई दिये जिनमे 2, 3 फूटे हुये एवं 1, 2 जिंदा बम थे ।जिसमें ब्लड, छर्रे, पत्थर जैसे वस्तु दिखाई दे रहे थे ।घर के सामने खड़ी बेलेनो कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 5625 के पीछे का कांच सामने की स्क्रीन भी टूटी हुयी थी लगभग 15, 20 हजार रूपये का नुकसान हुआ है। बिल्डर ने पड़ोसी आशीष नामदेव से रात की घटना का वीडियो देखा जिसमें 3 अज्ञात लोग मुंह में कपड़ा बांधे हुये बम चलाते हुये दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

Mr. Solar — Because you deserve the best
महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
सोलर पार्टनर
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग
• विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Pls call us on 6267100743, 9644555001
Office : Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

# क्रूज हादसे के बाद भी नहीं जागे, बिना लाइफ जैकेट के पर्यटकों को कराया नौकायन

**एसडीएम के आदेश पर भेड़ाघाट थाने में नाविक पर दर्ज हुआ प्रकरण**




**जबलपुर।** क्रूज हादसे के बाद भी नाविक नहीं जाग रहे है वे लापरवाही बरतने के साथ पर्यटकों की जान से खिलवाड़ करते हुए बिना लाइफ जैकेट के पर्यटकों को नौकायन कराया जा रहा है। लम्हेटाघाट में निर्धारित समय के बाद एवं पर्यटकों को बिना लाइफ जैकेट पहनाये नौकायन कराने पर एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के आदेश पर नाविक जगन यादव के खिलाफ भेड़ाघाट थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है साथ ही उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह गत दिवस लम्हेटाघाट में अचानक नौका संचालन का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय दोपहर एक बजे के बाद नाविक जगन यादव को नाव का संचालन करते पाया गया था। साथ ही 4 से 5 पर्यटकों को बिना लाइफ जैकेट नाव में सवार पाये गये थे। एसडीएम द्वारा तत्काल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और मुख्य नगर पालिका अधिकारी भेड़ाघाट को आवश्यक कार्यवाही के दिए गए। निर्देश के तारतम्य में नाविक जगन यादव के विरुद्ध धारा 151 के तहत थाना भेड़ाघाट में प्रकरण दर्ज किया गया। तहसील गोरखपुर से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

### प्रभारी का सात दिन का कटेगा वेतन

प्रकरण में लम्हेटाघाट नावघाट प्रभारी आकाश ठाकुर द्वारा लापरवाही करने पर सात दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की भी की गई। इसके साथ ही सभी घाट प्रभारीयों को अंतिम रूप से हिदायत दी गई है कि इस प्रकार की पुनरावृति पाये जाने पर नाव जब्त करने के साथ साथ संबंधितों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाये।

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
BIG DREAMS NEED A BIG START
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
KEY FEATURES: Affiliated to CBSE, Bus Facility, Air Cooled Hostel, Atal Tinkering Lab, Separate Hostel for Girls & Boys, Safe Campus, Large Playground, Healthy Environment, Greenery in Abundance, State of Art Classrooms, Digital Classrooms, CCTV Surveillance
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
For more Information 9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष् सुविधा
अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन, स्वस्थ शिक्षा वातावरण
खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
पेंटिग, ड्राईग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
CBSE/ ICSE से MP BOARD में एडमिशन पर, उठायें सरकारी योजना का लाभ।
बोर्ड एग्जाम का % बढ़ाएं, समय बचाएं, NEET/ IIIT में एडमिशन गाइडेंस।
हमारे 36 बच्चों ने पाया लेपटॉप योजना का फायदा
Nursery, LKG, UKG, Admission Free*
ENGLISH & HINDI MEDIUM | Office- 8 To 4
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे 10वीं, 12वीं, कॉलेज प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा।
• अधारताल तिराहा- 9303580611 • अमखेरा रोड, गोहलपुर- 9111009016

LEONARD H.S.SCHOOL
(Recognised by Govt of M.P.)
Classes : Nursery to 12th
Come and join us — ADMISSION OPEN
Informatics Practices/Maths Science/Commerce/Arts Groups
The School is located in a Peaceful and eco friendly atmosphere.
Emphasis is given on Spoken English in all the classes.
Sports and Cultural activities are held on a regular basis.
Excellent Board Results Year after Year.
53, Denning Road, Behind Civil Line Police Station Jabalpur (MP)
Phone : 0761-4030678, 9425387092, 7999910499

नवरात्रि एवं ईद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
JYOTI INNER ZONE
10% से 15% तक की भारी छूट
LUX cozi INNER WEAR | AMUL MACHO | JOCKEY | RUPA | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura, Near Super Market, Jabalpur (MP) 0761- 4038008

ADMISSION OPEN ENGLISH MEDIUM CBSE PATTERN
BULBUL KIDS KINGDOM
HIGH SCHOOL | UNIFORM FREE | NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
New Ram Nagar, Sanskar Parisar Ke Aage Amkhera Road, Adhartal, Jabalpur
Mo. 9301408550, 9301408551 Web:bulbilkidskingdom.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57